प्रो0 एच0के0 पालीवाल
परीक्षा नियंत्रक

डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ०प्र०
(पूर्ववर्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)
सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0-226031

पत्रांक स० : ए०के०टी०यू०/प०नि०का०/2023/6587 दिनांकः 16 मार्च, 2023

सेवा में,

निदेशक/प्राचार्य/समस्त छात्र/छात्राएं
डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश,
लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थायें।

विषयः शैक्षिक सत्र 2022-23 के विषम सेमेस्टर के द्वितीय चरण की प्रयोगात्मक/प्रोजेक्ट परीक्षा (Theory Sessional/Practical Sessional/Practical Examination) आयोजित करने एवं थ्योरि सेशनल अंको को ई0आर0पी0 पर अपलोड/प्रेषित विस्तारित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक विश्वविद्यालय के पत्रांक संख्या ए0के0टी0यू0/प0नि0का0/2023/6559 दिनांक 02 मार्च, 2023 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि शैक्षिक सत्र 2022-23 के विषम सेमेस्टर के प्रथम वर्ष के समस्त पाठ्यक्रमों/विधाओं के तथा बी0टेक0, बी0फार्म, पाठ्यक्रमों के द्वितीय वर्ष के तृतीय सेमेस्टर में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के रेगुलर तथा कैरी ओवर विषयों के **आतंरिक अंकों** (Theory Sessional/Practical Sessional) को ई0आर0पी0 पोर्टल पर दिनांक 17 मार्च, 2023 तक अपलोड/प्रेषित किये जाने की सूचना दी गयी थी।

उक्त के क्रम में कतिपय संस्थानों द्वारा किये गये अनुरोध को स्वीकार करते हुए उपरोक्त परीक्षाओं के **आतंरिक अंकों (Theory Sessional/Practical Sessional)** को ई0आर0पी0 पोर्टल पर अपलोड/प्रेषित किये जाने हेतु निर्धारित अन्तिम तिथि को विस्तारित करते हुए **दिनांक 31 मार्च, 2023 को सायः 4.00 बजे** तक ई0आर0पी0 पोर्टल खोल दिया गया है।

उपरोक्त के अतिरिक्त विश्वविद्यालय के पत्रांक संख्या ए0के0टी0यू0/प0नि0का0/2023/6545 दिनांक 17 फरवरी, 2023 के अनुसार द्वितीय चरण की सम्पन्न कराई जा रही (13 मार्च, 2023 से दिनांक 16 मार्च, 2023) प्रयोगात्मक/प्रोजेक्ट परीक्षा के सन्दर्भ में कतिपय संस्थानों/छात्रों द्वारा किये गये अनुरोध को स्सक्षम स्तर द्वारा स्वीकार करते हुए दिये प्राप्त निर्देशों के अनुसार निर्धारित अन्तिम तिथि को विस्तारित करते हुए अवशेष/छूटे छात्र/छात्राओं की **प्रयोगात्मक/प्रोजेक्ट** परीक्षायें **दिनांक 07 अप्रैल, 2023 से दिनांक 10 अप्रैल, 2023** के मध्य सम्पन्न कराते हुए प्राप्तांकों को ई0आर0पी0 पोर्टल पर अपलोड/प्रेषित कराना सुनिश्चित करें।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त से तद्नुसार अवगत होते हुए संस्था स्तर से अपलोड किये जाने वाले प्रयोगात्मक/प्रोजेक्ट **(TS/PS/PE)** तथा थ्योरि सेशनल अंको को यथासमय ई0आर0पी0 पोर्टल पर अपलोड/प्रेषित कराते हुए **हस्ताक्षरित हार्ड कापी स्पाइरल बाइन्डिंग** के साथ प्रत्येक दशा **दिनांक 15 अप्रैल, 2023 तक** अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में जमा करने का कष्ट करें। उपरोक्त के सन्दर्भ किसी प्रकार की असुविधा/समस्या की दशा में ई-मेल आई0डी0 **jcoe@aktu.ac.in** पर सम्पर्क करें।

भवदीय

16.3.2023

(प्रो0 एच0के0 पालीवाल)
परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रतिकुलपति/कुलसचिव/वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. अपर/उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. प्रभारी ई0आर0पी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को इस आश्य से प्रेषित की उपरोक्त के सन्दर्भ समयानुसार आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।
4. जनसम्पर्क अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
5. स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(प्रो0 एच0के0 पालीवाल)
परीक्षा नियंत्रक

COELETTER-889